# Candidate Marks Report

*Series : Apr-May 2016*

Om Singh Shekhawat

This candidate's script has been assessed using On-Screen Marking. The marks are therefore not shown on the script itself, but are summarised in the table below.

| | | | |
|---|---|---|---|
| Centre No : | rpsc | Assessment Code : | Paper-III (Second Valuation) |
| Candidate No : | 317494 | Component Code : | 01 |
| Candidate Name : | NONAME | | |

| | |
|---|---|
| Total Marks : | **80.5 / 200** |

In the table below 'Total Mark' records the mark scored by this candidate.
'Max Mark' records the Maximum Mark available for the question.

Om Singh Shekhawat

| Paper: | 2003A |
|---|---|
| Paper Total: | 80.5 / 200 |

| Question | Total Mark / Max Mark |
|---|---|
| 1 | 0 / 2 |
| 2 | 0 / 2 |
| 3 | 1.5 / 2 |
| 4 | 0 / 2 |
| 5 | 2 / 2 |
| 6 | 1 / 2 |
| 7 | 2 / 2 |
| 8 | 3 / 5 |
| 9 | 3 / 5 |
| 10 | 2 / 5 |
| 11 | 3 / 5 |
| 12 | 2.5 / 5 |
| 13 | 1.5 / 5 |
| 14 | 2 / 5 |
| 15 | 11 / 20 |
| 1 | 0 / 2 |
| 2 | NR / 2 |
| 3 | 0.5 / 2 |
| 4 | 1.5 / 2 |
| 5 | 1.5 / 2 |
| 6 | 1 / 2 |
| 7 | 1 / 2 |
| 8 | 1 / 5 |
| 9 | 2 / 5 |
| 10 | 2 / 5 |
| 11 | 3 / 5 |
| 12 | 1 / 5 |
| 13 | 1.5 / 5 |
| 14 | 3 / 5 |
| 15 | 4 / 20 |
| 1 | 1 / 2 |
| 2 | 1 / 2 |

| | |
|---|---|
| 3 | 0 / 2 |
| 4 | 1 / 2 |
| 5 | 0.5 / 2 |
| 6 | 0.5 / 2 |
| 7 | 2 / 5 |
| 8 | 2.5 / 5 |
| 9 | 2.5 / 5 |
| 10 | 2 / 5 |
| 11 | 2.5 / 5 |
| 12 | 2.5 / 5 |
| 13 | 5 / 20 |

PART - I

Paper Code

P-3

317494

## IMPORTANT NOTES
## महत्त्वपूर्ण निर्देश

(A) Please fill up the OMR Sheet of this Question-Answer Booklet properly before answering.
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व उसके संलग्न ओ.एम.आर. पत्रक को भली प्रकार से भर लें ।

(B) The question paper is divided into different unit and parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and parts.
प्रश्न-पत्र विभिन्न यूनिट एवं भागों में विभाजित है । प्रत्येक यूनिट एवं भाग में से किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित किये गए हैं ।

(C) Attempt answers either in **Hindi or English,** not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर **अंग्रेजी या हिन्दी** भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं । भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो ।

(D) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words; failing this, marks will be deducted.
अभ्यर्थियों को अपने उत्तर निर्धारित शब्दों की सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए । इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जायेंगे ।

(E) Please write answers only in the prescribed space of booklet. Do not write any mark of identity inside the Answer Script (including Paper for rough work) i.e. name, address, telephone number, Name of God etc. or any irrelevant words other than the answer of question. Such act will be treated as unfair means. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained, if Roll Number is not filled correctly on the O.M.R. Sheet.
किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें । प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ़ कार्य के पृष्ट सहित) के अंदर कहीं पर भी अपना नाम, रोल नंबर अथवा अन्य कोई पहचान चिह्न यथा -- प्रश्नोत्तर में नाम, पता, दूरभाष नंबर, देवताओं के नाम अथवा अन्य कोई भी प्रश्नोत्तर से असम्बंधित शब्द, वाक्य एवं अंक आदि न लिखें । ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा । ओ.एम.आर. पत्रक पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा उसके प्राप्तांकों में से 5 अंक भी काटे जा सकते हैं ।

(F) Candidates are directed that they should not write (answer) out side the border line in every page. Answer written out side the border line will not be checked by the Examiner.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रत्येक पृष्ठ में बनाई गई बार्डर लाईन से बाहर प्रत्युत्तर नहीं लिखें । बार्डर लाईन के बाहर लिखे गये उत्तर को परीक्षक द्वारा जाँचा नहीं जायेगा ।

(G) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English version of the question, the English version will be treated as standard.
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

(H) The Question-Answer Booklet is provided in a sealed envelope to the candidate. Candidate must sign the declaration as per directions printed on the envelope and return it to the invigilator.
अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद लिफाफे में प्रदान की गई है । अभ्यर्थी लिफाफे पर अंकित निर्देशों को पढ़कर घोषणा पर हस्ताक्षर कर लें और उसे अभिजागर को वापस कर दें ।

(I) Candidate should fill up all desired details on this attached OMR sheet of Question-Answer Booklet with **blue** ball point pen. Please ensure that this OMR Sheet is not torn or damaged.
अभ्यर्थी प्रश्नोत्तर पुस्तिका के ऊपर संलग्न इस ओ.एम.आर. पत्रक पर सभी वांछित विवरण **नीले** बॉल पेन से सावधानीपूर्वक भरें । ध्यान रखें कि यह ओ.एम.आर. पत्रक कहीं से कटे-फ़टे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो ।

(J) This **OMR** Sheet consists of **Two** parts, in which some information is pre-printed; remaining details have to be filled by the candidate.
यह **ओ.एम.आर.** पत्रक **दो** भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं । शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है ।

(K) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly, bring it to notice of invigilator and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी-फटी या अमुद्रित है, तो अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा ले, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।

**विशेष नोट** :
अभ्यर्थी द्वारा यदि ओ.एम.आर. पत्रक पर गलत सूचना भरी जाती है या उसे किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा संपूर्ण परीक्षा हेतु अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा ।

**Special Notes :**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage it or any marking as identification is done, then his candidature for the entire examination shall be rejected by the commission, for which he will be liable.

## SPACE FOR ROUGH WORK

EEG

enterprise

economy

ECCP

1992

RI

Mission oriented

Result oriend

Decent

Enterprise

Managerial

Customer client

Change oriend

10

Catalytic

c

EEE

Change

PIAC



[redacted]

**(Unit-I)** **(Marks : 69)**

**(यूनिट-I)** **(अंक : 69)**

**Part – A** **Marks : 14**

**भाग – अ** **अंक : 14**

**Note :** Attempt **all** the **seven** questions. Maximum word limit is **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** **सभी सात** प्रश्नों के उत्तर दीजिये । अधिकतम शब्द सीमा **15** शब्द में हो । प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है ।

1. Name the campaign initiated for promoting efficient water use in the country and discuss its features.
देश में जल के दक्षतापूर्ण उपयोग के लिये प्रारम्भ किये गये अभियान का नाम बताइये । इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइये ।

नीरांचल अभियान

(1) जलसंग्रहण कार्यक्रमों को बढ़ावा देना

(2) water shed development उपलब्धता

(3) भूगर्भीय जल स्तर बढ़ाने का प्रयास करना (4) जागरूकता जल संरक्षण

0

2. What is the new 'logo' of Rajasthan Tourism ?
राजस्थान पर्यटन का नया 'लोगो' क्या है ?

अतुल्य राजस्थान

Incredible Rajasthan

0



[redacted]

3. Name any three unions set up for regional economic co-operation at the Global level.
वैश्विक स्तर पर क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग हेतु स्थापित किन्हीं तीन संघों के नाम दीजिये ।

(1) यूरोपीय यूनियन - यूरोप देशों का
(2) NAFTA - North America free trade Agreement
(3) SAFTA → Saarc का FTA ✓ 1½

4. Analyse the danger of terrorism in today's world.
आज के विश्व में आतंकवाद के ख़तरे का विश्लेषण कीजिए ।

वर्तमान समय में ISIS आतंक - सीरिया लेबनान जोर्डन
बोकोहराम - अफ्रीका नाइजीरिया
लश्कर-ए-तैयबा, अलकायदा, आदि संगठनों का व्यापक खतरा
साथ ही online Radicalisation का भी खतरा है। 0

5. What do you understand by BRICS Countries ?
BRICS देशों से आप क्या समझते हैं ?

2008 की वित्तीय मंदी (संकट) के बाद भारत, रूस, ब्राजील
चीन, द. अफ्रीका देशों का संघ, 2009 में बना।
उभरती हुई विकासशील अर्थव्यवस्थाएँ
(जिम - ओ नील की संकल्पना) ✓ 2


[redacted]

6. How do you define Maternal Mortality Rate ?
मातृ मृत्यु दर से आप क्या अर्थ समझते हैं ?

प्रत्येक एक लाख प्रसव के दौरान होने वाली महिलाओं की मौत की संख्या MMR है।

कम करने के उपाय :- (1) जननी शिशु सुरक्षा योजना

(2) गर्भवती का टीकाकरण व सतत् देखभाल

(3) 108 एम्बुलेंस सेवा

7. Name the world organization which deals with the problem of International Liquidity.
उस वैश्विक संगठन का नाम बताइये जो कि अन्तर्राष्ट्रीय तरलता की समस्या का समाधान प्रस्तुत करती है ।

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

Special Drawing Rights (SDR) के माध्यम से

(BOP की समस्या दूर करना)



[redacted]

## Part – B
## भाग – ब

**Marks : 35**
**अंक : 35**

**Note :** Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.
**नोट :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **50** शब्दों में दीजिये । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक हैं ।

8. Analyse the factors responsible for the recent Global recession.
हाल की वैश्विक मंदी के उत्तरदायी कारणों की समीक्षा कीजिये ।

अमरीकी व यूरोप बाजारों में चल रही मंदी में चीन भारत को अपेक्षाकृत (अवसर भिला)
कारण :
(1) यूरोपीय देश – पुर्तगाल, ग्रीस इटली स्पेन में सार्वजनिक व्यय का उच्च स्तर
(2) अमरीकी बैंकों द्वारा sub prime loan crisis उत्पन्न करना
(3) यूरोपीय यूनियन की कमजोर अर्थव्यवस्थाओं का यूरोप को चपेट में लेना
(4) विकसित देशों में उपभोक्ता माँग संतृप्त होना।
(5) WB, IMF, WTO द्वारा लगातार विकासशील देशों की उपेक्षा
परिणाम स्वरूप globalisation व्यापक न हो पाना।

✓3

9. What were the objectives of India-Africa Forum Summit-2015 recently held in New Delhi ?
हाल ही में नयी दिल्ली में आयोजित भारत-अफ्रीका फोरम शीर्ष सम्मेलन-2015 के क्या प्रमुख उद्देश्य थे ?

नई दिल्ली में आयोजित तीसरे सम्मेलन में भारत का मुख्य उद्देश्य अफ्रीकी महाद्वीप के 54 देशों के साथ सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, चीन का प्रतिसंतुलन, ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति, UNO सुधार में समर्थन हासिल करना रहा है। इसमें भारत अफ्रीका स्वास्थ्य कोष, भारत अफ्रीका विवेश कोष की स्थापना की गई। नाइजीरिया, लीबिया, मिस्र, सूडान से तेल गैस प्राप्ति, 50,000 छात्रों को छात्रवृत्ति, प्रवासियों से सम्पर्क (डॉक्टर्स), भारत – अफ्रीका व्यापार 70b$, 10 अरब $ line of credit प्रदान करते हुए सम्बन्धों को नई दिशा दी है।

✓3



[redacted]

10. What is the likely impact of the devaluation of the Chinese currency on the Global Economy ?
वैश्विक अर्थव्यवस्था पर चीनी मुद्रा के अवमूल्यन के सम्भावित प्रभाव पर प्रकाश डालिये ।

चीनी मुद्रा के अवमूल्यन से चीन का निर्यात में वृद्धि होगा। इससे
(1) चीन का अफ्रीकी एशियाई अमरीकी बाजारों में सामान ज्यादा होगा (dumping)
(2) व्यापार बढ़ने से चीन का Forex वर्तमान 3800 bn$ से और बढ़ सकेगा
(3) भारत ब्राजिल जैसे देशों के व्यापार पर प्रतिकूल असर क्योंकि इनका मैन्युफैक्च...
(4) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर युआन की स्वीकार्यता बढ़ेगी।
(5) आर्थिक राजनय के माध्यम से चीन का विश्व में प्रभाव बढ़ेगा (Peaceful Rising of China)
(6) डॉलर पौण्ड यूरो का प्रभाव कम होगा
(7) चीनी अर्थव्यवस्था का उभार व अधिक ताकतवर होगा

✓2

11. "Co-operation among the India and ASEAN countries is important." Analyze.
"भारत एवं आसियान देशों के मध्य सहयोग महत्त्वपूर्ण है ।" विश्लेषण कीजिये ।

भारत एवं आसियान देश जैसे - कम्बोडिया, मलेशिया, लाओस, थाईलैण्ड, इण्डोनेशिया, सिंगापुर, वियतनाम, फिलीपिन्स, ब्रुनेई देशों के साथ सांस्कृतिक, आर्थिक व्यापारिक क्षेत्र में सहयोगपूर्ण सम्बन्ध है। भारत के North East का विकास, दक्षिण चीन सागर में तेल उत्खनन (वियतनाम सहयोग) चीन को प्रतिसंतुलित करने, नए बाजार की आवश्यकता, निवेश आवश्यकता (सिंगापुर), हिन्द महासागर में शांति स्थापना हेतु ASEAN देशों का सहयोग व सुदृढ़ सम्बन्धों की आवश्यकता है। भारत को विभिन्न ऊर्जा जरूरतों, सैन्य सहयोग, UNO सुधार हेतु ASEAN देशों के साथ Act East Policy में संलग्न है।

✓3



[redacted]

12. Differentiate between the role of FDI and FII for economic development.
आर्थिक विकास के लिये FDI एवं FII की भूमिका में अंतर बताइये ।

| FDI | FII |
|---|---|
| (1) इसमें F.D.I. पूंजी के साथ तकनीक एवं प्रबन्धकीय कौशल समाविष्ट | इसमें केवल विदेशी पूंजी का आगमन होता है |
| (2) मूलतः आधारभूत संरचना में निवेश | (2) शेयर बाजार में लाभ के उद्देश्य से |
| (3) इसमें पूंजी पलायन का भय नहीं | (3) इसमें पूंजी पलायन का भय होता |
| (4) अरविन्द मायाराम समिति जब विदेशी निवेश 10% से अधिक | (4) जब विदेशी निवेश 10% से कम |
| (5) रोजगार व आर्थिक विकास में सहायक है | (5) दीर्घकालिक नहीं अतः सहायक नहीं |

वर्तमान में FEMA, 2000 के माध्यम से दोनों को बदला, Forex 352 bn (RBI)

2½

13. "In Human Development Report, small countries like Sweden and Norway are leading." Analyze.
"मानव विकास प्रतिवेदन में, स्वीडन एवं नोर्वे जैसे छोटे देश अग्रणी है ।" विश्लेषण कीजिये ।

UNDP United Nation Development programme द्वारा तैयार की जाने वाली व अमर्त्य सेन व महबूब उल हक द्वारा प्रतिपादित HDI इन्डेक्स में तीन चर है (1) प्रति व्यक्ति आय PCI (2) शिक्षा का स्तर (3) स्वास्थ्य इन चरों में स्केंडेनेवियाई देश अग्रणी है क्योंकि यहां जनसंख्या विरल, बहुल प्राकृतिक संसाधन, उदार लोकतन्त्र, व्यापक सामाजिक आर्थिक सेवाएं हैं। परन्तु भारत (130) जैसे अफ्रीकी व एशियाई देश जनसंख्या बहुल होने व खराब स्वास्थ्य शिक्षा जैसी सुविधाएं कारण पीछे है। भारत को इस हेतु सामाजिक विकास, आर्थिक वृद्धि उच्च करना होगा।

1½



[redacted]

14. "Out sourcing is an important segment in service sector in India." Discuss.

"आऊट-सोर्सिंग भारत में सेवा क्षेत्र का एक प्रमुख हिस्सा है ।" समीक्षा कीजिये ।

भारत की IT कम्पनियाँ अमरीका यूरोप में स्थित मूल कम्पनियों को BPO के माध्यम से (KPO) knowledge processing outsourcing के माध्यम से सेवा निर्यात करती है। जिसमे GDP में सेवा क्षेत्र का योगदान 60% से अधिक हुआ।

रोजगार की बड़ी मात्रा के सृजन, ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था निर्माण, Silicon Valley बंगलौर के माध्यम से सम्भव हो सका है।

इस प्रकार outsourcing का बड़ा हिस्सा है।



[redacted]

## Part – C
## भाग – स

**Marks : 20**
**अंक : 20**

**Note :** Answer the following question in **200** words. This question carries **20** marks.
**नोट :** निम्न प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों में दीजिये । इस प्रश्न के **20** अंक है ।

15. What were the objectives and outcomes of 'Resurgent Rajasthan' programme recently held in Jaipur ?
हाल ही में जयपुर में आयोजित 'रिसर्जेन्ट राजस्थान' कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं परिणामों की समीक्षा कीजिये ।

**OR/अथवा**

Explain the current Indian foreign policy towards its neighbours.
भारत की अपने पड़ौसी देशों के साथ वर्तमान विदेश नीति की व्याख्या कीजिए ।

एशिया महाद्वीप में भारत एक उभरती हुई शक्ति है। इसकी 2 trillion $ की अर्थव्यवस्था, एशिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था, तीसरी बड़ी सेना, उदार लोकतंत्र विशाल जनसंख्या, दक्षिण एशिया में स्थिति विशिष्ट बनाते है

भारत अपने छोटे पड़ोसी देशों के साथ गुजराल नीति के तहत सम्बन्धों में सुधार कर रहा है। साथ ही विश्व की महाशक्तियों व उभरती अर्थव्यवस्था से भी सम्बन्ध बनाए रखे। बांग्लादेश के साथ Land Border Agreement में 7110 (बांग्लादेश) व 17160 (भारत) जमीन का आदान प्रदान करके सीमांकन बेहतर किया है। फरक्का तीस्ता जल विवाद में विवाद समाधान, अवैध घुसपैठ रोकथाम, BCIM कॉरिडोर (बांग्लादेश चीन इंडिया म्यांमार) के तहत सड़कों को प्राकृतिक गलियारों में परिवर्तित करके North East का विकास कर रहा है। म्यांमार के साथ (आंग सान सू की सरकार) सम्बन्ध सुधार लोकतंत्र का



[redacted]

समझौता कर के म्यामार के साथ तेल गैस क्षेत्र, घुसपैठ समस्या में प्रगति के पथ पर है।

पाकिस्तान के साथ Composite dialogue (2004 से समग्र बातचीत, आतंकवाद, आर्थिक वाणिज्यिक सहयोग) निरन्तर सम्बन्ध सुधार के प्रयास किए हैं परन्तु 26/11 व पठानकोट हमले में पाक प्रायोजित आतंकवाद ने Birthday diplomacy (मोदी की यात्रा) पर प्रतिकूल असर डाला।

चीन के साथ staple visa की समस्या, है सीमा विवाद परन्तु शंघाई अहमदाबाद सिस्टर सिटी समझौता व्यापार प्रगति निवेश घोषणा से आर्थिक सम्बन्ध सुदृढ़ हुए हैं। अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण में भूमिका, संसद भवन का निर्माण, डेलाराम जरंज राजमार्ग सलमा बांध, सेना प्रशिक्षण, Heart of Asia - इस्तांबुल प्रोसेस के माध्यम से शांति निर्माण मे व्यापक भूमिका निभाई।

हिन्द महासागर इनिशिएटिव के साथ सेशेल्स, श्रीलंका मॉरीशस यात्रा के माध्यम से सम्बन्धों मे सुदृढ़ता आई। श्रीलंका के 60,000 तमिल आवास रेल सम्पर्क जाफ्ना के माध्यम से सहयोगपूर्ण सम्बन्ध विकसित हुए है। नवनिर्वाचित सरकार भूटान की प्रथम यात्रा व पर्वतीय देश नेपाल में Operation मैत्री, में सहायता के माध्यम से सम्बन्धों मे मजबूती आई है। नेपाल के साथ संवैधानिक समझदारी के उपरान्त सम्बन्ध KP शर्मा ओली की डिप्लोमेसी से पुनः सुदृढ़ हुए है इस प्रकार शपथ ग्रहण समारोह से शुरू प्रगति यात्रा अनवरत जारी है ताकि भारतीय हितों का संरक्षण हो सके।

✓ 11



[redacted]

(Unit-II)
(यूनिट-II)

(Marks : 69)
(अंक : 69)

**Part – A**
**भाग – अ**

**Marks : 14**
**अंक : 14**

**Note :** Answer **all** the following seven questions in not more than **15** words each. Each question carries **two** marks.

**नोट :** निम्नलिखित **सभी** सात प्रश्नों का उत्तर दें । प्रत्येक उत्तर **15** शब्दों की सीमा में हो । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं ।

1. What is Global Terrorism Index ?
वैश्विक आतंकवाद सूचकांक क्या है ?

~~26/11 war on terror से आतंक के विरुद्ध वैश्विक~~

0

SIPRI द्वारा जारी सूचकांक
स्टॉकहोम इन्टर नेशनल पीस रिसर्च इन्स्टीट्यूट
द्वारा जारी ।
आतंक से पीड़ित राष्ट्रों की सूची

2. Why Piplantri Village of Rajasthan was in the news recently ?
राजस्थान का पीपलान्त्री ग्राम हाल ही में खबरों में क्यों था ?



[redacted]

3. What is the origin of the word 'Naxalism' ?
'नक्सलवाद' शब्द का उद्‌गम कैसे हुआ ?

बिहार के नक्सलबाड़ी क्षेत्र से जमींदारों व किसानों के संघर्ष से शुरु होने के कारण। कान्हू सान्याल, चारु मजूमदार का नेतृत्व। सामाजिक आर्थिक विकास जरूरी है।

4. Define 'Cyber Crime'.
'साइबर अपराध' को परिभाषित करें।

कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी माध्यम से स्पैमिंग, हैकिंग, स्पूफिंग, पासवर्ड चोरी, निजता उल्लंघन जैसे अवैध व अनैतिक कृत्य करना साइबर अपराध है।
IT Act 2000 द्वारा रोकथाम। (2008 में संशोधन)

5. To what extent have the Self Help Groups succeeded in Rajasthan ?
राजस्थान में स्वयं सहायता समूह किस सीमा तक सफल रहे हैं ?

Micro Credit को बढ़ावा देकर, ग्रामीण महिलाओं का सशक्तीकरण, ऋण उपलब्धि में सुविधा इससे ग्रामीण महिलाओं का सशक्तीकरण हुआ।



[redacted]

6. What is UDAY scheme ?
यू.डी.ए.वाई (उदय) योजना क्या है ?

केन्द्र सरकार द्वारा बिजली कम्पनियों को घाटे से उबारने की योजना (उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना) 4.3 लाख करोड़ घाटा बिजली कम्पनी का घाटा सरकार अपने ऊपर लेगी। AT&C loss को कम करना, तीन वर्षों सुधार होगा।

7. What are the features of the Minority Welfare Policy in Rajasthan ?
राजस्थान में अल्पसंख्यक कल्याण नीति की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं ?

(1) अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकार (अनु. 29 व 30) का संरक्षण
(2) अल्पसंख्यकों के रोजगार के अवसर सुरक्षित व संवर्धित करना
(3) वक्फ सम्पत्तियों का संरक्षण व हज यात्रा जैसे कार्यों का संरक्षण
(4) सामाजिक आर्थिक विकास की मुख्य धारा से जोड़ना



[redacted]

**Part – B** **Marks : 35**

**भाग – ब** **अंक : 35**

**Note :** Answer **all** the following questions in not more than **50** words each. Each question carries **five** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50** शब्दों की सीमा में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक हैं ।

8. "Justice delayed is justice denied" – Comment.
"न्याय में विलम्ब न्याय न मिलने के समान है ।" – विवेचन करें ।

~~कोर्ट~~ अभी न्यायपालिका में औसतन एक case में 15 वर्ष लग जाते हैं ~~जो~~ जो न केवल मानवाधिकारों का हनन है बल्कि चिन्तनीय है। कभी कभी दो पीढ़ियाँ न्याय की उम्मीद में गुजर जाती हैं।

नई राष्ट्रीय वाद निराकरण नीति में इसे 3 वर्ष करने जजों की अधिक नियुक्ति करके, digitalisation लोक अदालतों के माध्यम से आसान किया जा रहा

9. "Social justice is impossible without the protection of human rights." Comment.
"मानव अधिकारों की सुरक्षा के बिना सामाजिक न्याय असम्भव है ।" टिप्पणी करें ।

मानव को मानव होने के नाते मिलने वाले अधिकार मानवाधिकार है। जैसे – धर्म की स्वतन्त्रता, गरिमामय जीवन, रोजगार, शिक्षा पाने का अधिकार। मानवाधिकारों की सुरक्षा के उपाय जैसे राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (1993), एमनेस्टी इन्टरनेशनल, UNHRC ~~द्वारा~~ द्वारा मानवाधिकार संरक्षित किए जा रहे हैं। जॉन रॉल्स प्रतिपादित (Positive discrimination) के माध्यम से सामाजिक न्याय प्राप्ति का मार्ग मानवाधिकार से ही जाता है। अतः शिक्षा, रोजगार, विकास, लिंगभेद प्रतिषेध के माध्यम से ही सामाजिक न्याय प्राप्त होगा।

[redacted]

10. Write a note on Renewable Energy and its role in the economic development of Rajasthan.
पुन:नवीनीकृत ऊर्जा तथा राजस्थान के आर्थिक विकास में इसकी भूमिका पर एक टिप्पणी लिखें ।

(1) पवन ऊर्जा – 3866 MW राजस्थान
(2) सौर ऊर्जा – 1264 MW राजस्थान (देश में प्रथम)
पुन: नवीकृत ऊर्जा के माध्यम से राजस्थान में clean energy का उत्पादन एवं ऊर्जा में आत्म निर्भरता हुई। नई सौर नीति के 25000 MW उत्पादन के लक्ष्य से राज्य ऊर्जा आधारित निर्यात करने वाला राज्य बनेगा इससे Green House Gases के उत्सर्जन में कमी का लक्ष्य प्राप्त हो सकेगा।

11. "The problem of terrorism can be tackled only through a multidimensional strategy." Discuss the various steps needed to control terrorism in India.
"आतंकवाद की समस्या का समाधान केवल बहु-आयामीय रणनीति से ही सम्भव है ।" भारत में आतंकवाद को रोकने के लिए विभिन्न उपायों की विवेचना करें ।

(1) आतंकवाद के प्रति zero tolerance की नीति अपनाना
(2) UNO के प्रस्ताव -1373 को पूर्ण मनोयोग से लागू करवाना
(3) आतंकवाद का वित्त पोषण रुकवाना व दबाव बनाना
(4) प्रभावित क्षेत्रों में सामाजिक आर्थिक विकास
(5) अमेरीका ब्रिटेन के साथ सहयोग करके वैश्विक दबाव बनाना
(6) पाकिस्तान के साथ निरन्तर वार्ता व सम्बन्ध बनाना
(7) एक मजबूत आर्थिक बनना एवं डटकर मुकाबला करना
(8) सेना को उचित प्रशिक्षण।



[redacted]

12. Comment on the linkage of Indian rivers and its impact on sustainable development.
भारत में नदियों को जोड़ने तथा सतत विकास पर इसके प्रभाव की समीक्षा करें ।

भारत मे केन - बेतवा लिंक जोड़ना व कृष्णा - गोदावरी
लिंक जोड़ने से नदी जोड़ो अभियान शुरू किया है
इससे सतत विकास ( पर्यावरण हितैषी विकास )
मे आकांक्षा उत्पन्न की जा रही है परन्तु कृषि के
विकास व सिंचाई के व्यापक नेटवर्क हेतु नदी जोड़ो
✓1 अभियान जरूरी है ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि
हेतु यह अपरिहार्य है डा० कलाम ने इस
योजना को भारत के विकास हेतु जरूरी बताया है

13. What has been the progress of Rajasthan in the field of road development ? In this context, refer to all types of roads.
सड़क विकास के क्षेत्र में राजस्थान की क्या प्रगति रही है ? इस सन्दर्भ में, सभी प्रकार की सड़कों का हवाला दें ।

राजस्थान मे सड़को का विकास प्रधानमंत्री ग्राम सड़क
योजना से (2000) से हुआ है वर्तमान मे सड़क घनत्व
राष्ट्रीय औसत से अधिक, सभी गांवो के बारहमासी
सड़के है जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था – दुग्ध उत्पाद
कृषि उत्पाद बाजारों तक पहुंच आसान । युवाओं
को रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धि ✓1
सुनिश्चित हुई (1) NH (2) State High way ✓½
(3) district High way RIDCOR प्रमुख एजेन्सी


[redacted]

14. Which are the main programmes for women welfare in Rajasthan ?
राजस्थान में महिला कल्याण के प्रमुख कार्यक्रम कौन से हैं ?

(1) जननी शिशु सुरक्षा योजना – मातृ मृत्यु कम करना
(2) भामाशाह योजना – वित्तीय समावेशन
(3) रिद्धि-सिद्धि योजना – महिला स्वरोजगार को बढ़ावा
(4) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना
(5) सुकन्या समृद्धि योजना – कन्या प्रोत्साहन
(6) यशोदा योजना – प्रसव के दौरान सुविधा
(7) 108 धनवन्तरि योजना।



[redacted]

## Part – C

## भाग – स

**Marks : 20**
**अंक : 20**

**Note :** Answer the following question in **200** words. The question carries **20** marks.

**नोट :** निम्न प्रश्न का **200** शब्दों में उत्तर दें । इस प्रश्न के **20** अंक हैं ।

15. "Rajasthan is no more a 'BIMARU' State." Do you agree with this view ? Substantiate your answer with relevant facts. If you think that it is still a BIMARU State, then give practical suggestions to take the state out of the BIMARU status.

"राजस्थान अब 'बीमारू' राज्य नहीं है ।" क्या आप इस मत से सहमत हैं ? उत्तर को प्रासंगिक तथ्यों से तर्कपूर्ण बनाए । यदि आप के मत में राजस्थान अभी भी एक 'बीमारू' राज्य है, तो इसे उस स्थितिं से उभारने हेतु व्यावहारिक उपाय दें ।

**OR/अथवा**

"Weak sections of society are weak because they are weak." How to break this vicious circle ? Give suggestions to ameliorate the socio-economic condition of these groups.

"निर्बल वर्ग इसलिये निर्बल हैं क्योंकि वे निर्बल हैं ।" इस दुष्चक्र को किस प्रकार तोड़ा जाय ? इस समूह की सामाजिक तथा आर्थिक अवस्था के सुधार हेतु सुझाव दें ।

गरीबी, भुखमरी अशिक्षा, बेरोजगारी
निर्बल वर्ग की सबसे बड़ी समस्याएँ है जो इन्हें प्रायः
इन्हीं वर्गों में बनाए रखती है। जब तक इस दुष्चक्र
को तोड़ा नहीं जाएगा तब तक इनका सामाजिक आर्थिक विकास
नहीं होगा।

सर्वप्रथम निर्बल वर्ग के संवैधानिक अधिकारों
जाति धर्म लिंग के आधार पर विभेद का प्रतिषेध (15)
नीति निदेशक तत्व (46-अनुच्छेद) कमजोर वर्गों के
उत्थान का उपाय करना जरूरी है ताकि बुनियादी शिक्षा
रोजगार के माध्यम से जीवन की मुख्य धारा से जोड़ा
प्रवेश सुनिश्चित करके समावेशी विकास सुनिश्चित हो



[redacted]

साथ ही वंचित वर्ग के विकास हेतु निम्नांकित कदम -

(1) शिक्षा → प्राथमिक शिक्षा सहित शिक्षा की गुणवत्तापूर्ण उपलब्धि ताकि रोजगार की सम्भावना बढ़े।

(2) कानूनों की जानकारी : वंचित वर्ग को कानूनों की व्यापक जानकारी ताकि शोषण से बचाव पा सकेगा

(3) रोजगार — Skill development के माध्यम से रोजगार सुनिश्चित करना जरूरी है।

(4) सामाजिक समरसता के कार्यक्रम : ऐसे मेले, सरकारी कार्यक्रमों को बढ़ावा ताकि सभी वर्गों की भागीदारी है।

(5) कृषि का विकास, निर्बल वर्ग का बड़ा तबका कृषि आधारित है अतः कृषि का विकास जरूरी है।

(6) विकेन्द्रीकरण : ताकि सरकारी कार्यक्रमों में इनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

(7) Positive discrimination (आरक्षण) का प्रावधान भी ताकि विकास की मुख्यधारा में आ सकें

(8) साथ ही विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी संगठनों को इनके उत्थान हेतु प्रोत्साहित करना

(9) सरकार को एकीकृत रूप से कार्य करना सम्बन्धित विभागों के समन्वय के माध्यम से ✓4

वंचित वर्गों के उत्थान का प्रयास करना चाहिए।



[redacted]

**(Unit-III)** **(Marks : 62)**

**(यूनिट-III)** **(अंक : 62)**

**Part – A** **Marks : 12**

**भाग – अ** **अंक : 12**

**Note :** Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **15-15** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं ।

1. What is delegation of authority ? How is it different from decentralization ?
प्राधिकार के प्रत्यायोजन का क्या अभिप्राय है ? यह विकेन्द्रीकरण से किस प्रकार भिन्न है ?

संगठन में कार्यों को सुगमता से करवाने, अधीनस्थों को प्रशिक्षित करने हेतु कार्यों को उत्तरदायित्व के साथ सौंपना। delegation है
जबकि विकेन्द्रीकरण राजनीतिक स्वायत्तता है।
विकेन्द्रीकरण (पंचायती राज) में कर्तव्य अधिकार हमेशा के लिए सौंपे जाते हैं प्रत्यायोजन अस्थायी होता है

2. Distinguish between Corporate Social Responsibility and Corporate Governance.
कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व तथा कॉर्पोरेट गवरनेंस के बीच अन्तर समझाएँ ।

| CSR | Corporate गवर्नेन्स |
| --- | --- |
| सामाजिक - पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का निर्वहन | ① कारपोरेट क्षेत्र में मूल्यों व नैतिकता का समावेश |
| कुल लाभ का 2% | ② शेयरधारकों स्टेक होल्डर्स के हितों का संरक्षण |
| कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा - 135 | ③ पारदर्शितापूर्ण व्यवहार |
| • शर्तें : नेटवर्थ 500 करोड़, टर्नओवर 1000 करोड़ | |



[redacted]

3. Explain Span of control.

'नियन्त्रण का क्षेत्र' की विवेचना करें ।

एक उच्चाधिकारी द्वारा जितने अधीनस्थों (कर्मचारियों) का निर्देशन, पर्यवेक्षण निरीक्षण, मार्गदर्शन किया जा सकता है। नियंत्रण का क्षेत्र कहलाता। यह ग्रेकुनास के ध्यान के दायरे पर आधारित।

0

4. Define impartiality. What are its basic ingredients ?

'निष्पक्षता' को परिभाषित करें । इसके आधारभूत तत्त्व क्या हैं ?

किसी भी पक्ष के प्रति विशेष लगाव या भेदभाव न करने का व्यवहार निष्पक्षता है। ये merit based decision है जैसे संविदा देना, सार्वजनिक नियुक्ति का मामला में योग्यता के आधार पर निर्णय

✓1

5. In your view, what should be the key moral values in public administration ?

आपके मत में, लोक प्रशासन में मुख्य नैतिक मूल्य क्या होने चाहिए ?

लोक सेवक को (1) सत्यनिष्ठ – ईमानदारीपूर्वक कर्तव्य निर्वहन

(2) कमजोर वर्ग के प्रति समानुभूति (empathy) ✓½

(3) लोक सेवा के प्रति समर्पण भावना

(4) संवैधानिक लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता

होनी चाहिए।



[redacted]

6. What are the basic causes of corruption in Government agencies ?

सरकारी संस्थाओं में भ्रष्टाचार के मुख्य कारण क्या हैं ?

(1) कार्य प्रक्रिया का कठिन होना

(2) अस्पष्ट नियम कानूनों का प्रभाव

(3) अत्यधिक कार्य बोझ ½

(4) digitalisation का अभाव



[redacted]

**Part – B** **Marks : 30**
**भाग – ब** **अंक : 30**

**Note :** Answer all the following questions in **50** words each. Each question carries **5 (five)** marks.

**नोट :** निम्न में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50-50** शब्दों में दीजिए । प्रत्येक प्रश्न के **5 (पाँच)** अंक हैं ।

7. What are the main differences between Public Administration and Business Management ?
लोक प्रशासन तथा व्यावसायिक प्रबन्धन के बीच मुख्य अंतर क्या हैं ?

| लोक प्रशासन | व्यावसायिक प्रबन्धन |
|---|---|
| (1) लोक प्रशासन पारदर्शी, उत्तरदायित्व व जनसहभागिता की माँग करता है। | (1) व्यावसायिक प्रबन्धन दक्षता (EEE) मितव्ययिता की अधिक माँग करता है |
| (2) यह राजनीतिक निर्देशन में कार्य करता है | (2) यह राजनीतिक निर्देशन में नहीं |
| (3) लोक प्रशासन का लोक सेवा हेतु है | (3) यह लाभ के उद्देश्य हेतु है। |
| (4) इसमें बाह्य वित्तीय नियंत्रण होता है। | (4) इसमें वित्तीय नियंत्रण आन्तरिक होता है |
| (5) इसका दायरा विस्तृत व बढ़ा हुआ है | (5) यह अपेक्षाकृत संकीर्ण है |

2

8. Compare Theory X with Theory Y. Which is more relevant to Government Organization ?
एक्स (X) सिद्धांत तथा वाई (Y) सिद्धांत की तुलना करें । सरकारी संगठनों में कौन सा सिद्धांत अधिक प्रासंगिक है ?
Y.

डगलस मैक्ग्रेगर द्वारा प्रतिपादित X-Y सिद्धान्त संगठन में कार्मिकों के कार्य के प्रति उत्तरदायित्व, सांगठनिक भागीदारी का विश्लेषण करता है।
X सिद्धान्त कार्मिक को (1) कार्य के प्रति घृणा करने वाला (2) कमजोर मनोबल (3) जिम्मेदारी न लेने वाला (4) कम सहभागी व्यवहार का मानता है। (शास्त्रीय सिद्धान्त)
वहीं Y-सिद्धान्त कार्मिकों को (1) कार्य में रुचि लेने वाला (2) self-motivated (3) जिम्मेदारी उठाने वाला (4) सहयोगी व समर्पित मानता है।
इस प्रकार Y-सिद्धान्त अधिक प्रासंगिक है।

2½

[redacted]

9. "Leadership is a function of leader, followers and situation." Comment.

"नेतृत्व एक नेता, अनुयायी एवं परिस्थिति का समंजन है ।" टिप्पणी करें ।

नेतृत्व संगठन को अभिप्रेरित करते हुए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संभावना (Potentiality) को Actuality वास्तविकता में बदलता है। नेतृत्व की व्यक्तिगत विचारधारा के चिन्तकों जैसे - फीडलर इवान्स हाउस के अनुसार नेतृत्व परिस्थितियों पर निर्भर करता है। यदि इसमें व्यवहारवादी उपागम के चिन्तक (कर्ट लेविन ब्लेक मूटन) को सम्मिलित करें तो यह अनुयायी एवं परिस्थिति का उचित संयोजन हो जाता है। इस प्रकार एक कुशल नेता कार्मिकों से उचित संचार, समन्वय, व्यवहार रखते हुए परिस्थितियों के अनुरूप जनतांत्रिक शैलियों व सहभागिता पूर्ण व्यवहार से सांगठनिक लक्ष्य प्राप्त करता है।

10. Give three suggestions to make civil servants more compassionate towards the weaker sections of society.

समाज में निर्बल वर्गों के प्रति लोक सेवकों को अधिक करुणामय बनाने हेतु तीन सुझाव दें ।

समाज के वंचित वर्ग जैसे महिला, दिव्यांग, SC, ST, दंगा पीड़ित विस्थापित आदि वर्गों के प्रति लोक सेवकों को अधिक सजगता व सहृदयता पूर्ण व्यवहार करना होगा।

(1) प्रशिक्षण के दौरान लोक सेवकों को ऐसे Role Playing करवाने चाहिए जिनमें लोक सेवक वंचित वर्ग का अभिनय करें।

(2) प्रशासन गाँवों के संग, रात्रिकालीन आवास के माध्यम से वास्तविक स्थितियों का व्यापक अनुभव करवाना चाहिए।

(3) डेनियल गोलमन प्रतिपादित Emotional Intelligence का विकास लोकसेवकों में करने हेतु सामाजिक व्यवहार में पारदर्शिता को बढ़ाना

(4) Empathy, tolerance, sympathy जैसे गुणों का विकास हो।



[redacted]

11. "Ethics is a phenomenon with divergent dimensions." Comment.

"नीतिशास्त्र विविध आयामों से युक्त एक संवृत्ति है ।" टिप्पणी करें ।

नैतिकता अन्त:करण की अभिव्यक्ति है (G. E. मूर) जो विभिन्न सामाजिक आर्थिक क्षेत्रों में प्रकट होती है।

(1) डिओन्टोलोजिकल एथिक्स : परिणाम निरपेक्ष जैसे कांट की नैतिकता व गीता का निष्काम कर्म

(2) टेलियोलोजिकल एथिक्स : परिणाम सापेक्ष बेन्थम मिल का उपयोगितावाद

(3) पर्यावरणीय एथिक्स: पर्यावरणीय मुद्दों का विश्लेषण करना

4) वर्च्यु एथिक्स (अरस्तु) – वैयक्तिक मूल्यों ज्ञान संयम साहस का विवेचन

(5) कोरपोरेट एथिक्स → कोरपोरेट क्षेत्र में मूल्यों व नैतिकता की समीक्षा

(6) मेटा एथिक्स – मूल्य, प्रत्यय आदर्शों का विवेचन।

इस प्रकार ethics का क्षेत्र बढ़ता हुआ है।

12. If you were asked to prepare a 'Code of Ethics' for the civil servants of India, which five important principles will you prioritize ?

यदि आपको भारतीय लोक सेवकों के लिये "नैतिक आचारसंहिता" निर्मित करने के लिए कहा जाय, तो आप किन पाँच सिद्धांतों को प्राथमिकता प्रदान करेंगे ?

एक व्यावहारिक नैतिक आचार संहिता में समाहित सिद्धान्त होंगे –

(1) सत्यनिष्ठा – अर्थात् ईमानदारी पूर्वक पद के कर्तव्यों का निर्वहन

(2) Empathy – दूसरों को समझने की आवश्यकता (perspective taking)

(3) सार्वजनिक सेवा क्षेत्र पारदर्शिता पूर्ण व्यवहार का सिद्धान्त।

(4) मतविभिन्नता के प्रति सहिष्णुता रखने का सिद्धान्त

(5) संवैधानिक मूल्यों यथा समानता बन्धुत्व एकता अखण्डता बनाए रखने का सिद्धान्त।

(Code of ethics)



[redacted]

## Part – C
## भाग – स

**Marks : 20**
**अंक : 20**

**Note :** Answer the following question in **200** words. The question carries **20 (twenty)** marks.

**नोट :** निम्न प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों में दें । इस प्रश्न के **20** अंक हैं ।

13. What do you understand by New Public Management ? Explain its features and examine its utility in Government Administration. Give examples.

'नवीन लोक प्रबन्धन' से आप क्या समझते हैं ? इसकी विशेषताओं की विवेचना करें तथा सरकारी प्रशासन में इसकी उपयोगिता समझाएँ । उदाहरण दीजिए ।

**OR/अथवा**

What do you understand by 'Emotional Intelligence' ? Explain its components and application for effective and sensitive administration.

'भावनात्मक परिपक्वता' से आपका क्या अभिप्राय है ? प्रभावी एवं संवेदनशील प्रशासन में इसके तत्त्वों की व्याख्या करें तथा इसके उपयोग को समझाएँ ।

~~लोक प्रशासन के क्षेत्र में ऑस्बोर्न और गेबलर द्वारा रचित पुस्तक ReInventing Government (1992) के माध्यम से नवीन लोक प्रबन्धन की अवधारणा प्रस्तुत की गई जिसमें सरकारों से अधिक सक्षम, पारदर्शी, उद्यमशील होने की अपेक्षा की गई है। इसकी निम्नांकित विशेषताएँ हैं~~

~~(1) मिशन ओरियन्टेड गवर्नमेन्ट : सरकार को पूर्व निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मिशन भावना से कार्य करना चाहिए न कि केवल शासन करना चाहिए (2) परिणाम निर्देशित सरकार : सरकार को उपलब्धियाँ हासिल करने पर ध्यान देना चाहिए तय समय सीमा में। (3) बाजार निर्देशित : सरकार को बाजार की तरह होना चाहिए जिसमें पारदर्शिता व दक्षता का उच्च स्तर हो~~



[redacted]

(4) उद्यमशील सरकार : सरकार को केवल खर्चों पर ध्यान न देकर कमाने पर भी ध्यान देना चाहिए PSU के माध्यम से (5) पूर्वानुमानी सरकार - सरकार को विपदा आने से पहले ही तैयारी करने चाहिए disaster management anticipatory होना चाहिए (6) विकेन्द्रीकृत सरकार - सरकार विभिन्न क्षेत्रों में सम्यक् रूप से विकेन्द्रीकृत होनी चाहिए जन सहभागिता का उच्च स्तर हो (7) Catalytic govt सरकार को खुद सारे कार्य करने के स्थान पर उत्प्रेरक की भूमिका निभानी चाहिए (8) उपभोक्ता निर्देशित सरकार : सरकार को नागरिकों को client मानने के स्थान पर customer मान कर वरीयता देनी चाहिए (9) परिवर्तन निर्देशित : सरकार को निरन्तर परिवर्तन agent of change की भूमिका निभानी चाहिए (10) प्रबन्धकीय सरकार सरकार को गतिविधियों का सम्यक प्रबन्धन करना चाहिए / like (minimum govt maximum governance)

उपयोग; सरकार का आकार कम होने व Economy, efficiency, effectiveness (3E) से सक्षम होने से बेहतर शासन, बेहतर नागरिक सेवा, जनकल्याण की प्राप्ति व संवैधानिक आदर्शों की प्राप्ति हो सकेगी। जैसे Citizen Charter के माध्यम से गुणवत्ता पूर्ण समयबद्ध सेवाएँ। लोकसेवा गारंटी अधिनियम से सेवा प्रदायगी। Start up policy से Catalytic Govt की अवधारणा, नियतम योजना (से आकार कम खर्च कम की अवधारणा। इस प्रकार सुशासन की प्राप्ति हो सकेगी।



[redacted]

op

[redacted]

[redacted]